**छत्तीसगढ़ शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**

क्रमांक RULE/587/2026-GAD-3 नवा रायपुर, अटल नगर13-07-2026

**प्रति,**

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल छत्तीसगढ़, बिलासपुर,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत,
छत्तीसगढ़,

**विषयः-** **अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित रहते हुए शासकीय सेवक की मृत्यु हो जाने पर गबन/वित्तीय हानि/धनराशि वसूली संबंधी प्रकरणों का निराकरण।**

संदर्भ:- इस विभाग का परिपत्र क्रमांक एफ 3-1/2011/1-3, दिनांक 03.03.2012।

---00---

राज्य शासन द्वारा संदर्भित परिपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 के नियम-9 के अंतर्गत शासकीय सेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही/विभागीय जांच के दौरान यदि संबंधित सेवारत्/सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की मृत्यु हो जाए, तो उसके विरूद्ध प्रचलित अनुशासनात्मक कार्यवाही/विभागीय जांच की कार्यवाही तत्काल समाप्त की जाए।

2/ उक्त के संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि "किसी शासकीय सेवक के विरूद्ध शासकीय धन राशि के गबन/वित्तीय हानि अथवा शासकीय धनराशि वसूली एवं अन्य मामलों में प्रचलित अनुशासनात्मक कार्यवाही/विभागीय जांच की कार्यवाही के दौरान, अपचारी शासकीय सेवक की मृत्यु के पश्चात् अनुशासनात्मक कार्यवाही/विभागीय जांच समाप्त मानी जाएगी।"

3/ यदि किसी शासकीय सेवक के जीवित रहते हुए ही, नियमानुसार शासकीय धन राशि की वसूली के आदेश अथवा दण्डादेश पारित किए जा चुके हों, तो ऐसी स्थिति में उनके देय स्वत्वों से नियमानुसार धनराशि की वसूली की जायेगी।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

**(एस.के. सिंह)**
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

//2//

पृ. क्र. RULE/587/2026-GAD-3 नवा रायपुर, अटल नगर13-07-2026

प्रतिलिपिः-

1. राज्यपाल के सचिव, लोक भवन, रायपुर
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
3. समस्त मा. मंत्रीगण के विशेष सहायक/निज सचिव, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
4. सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, नवा रायपुर अटल नगर
5. अवर सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
6. रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
7. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर
8. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर
10. सचिव, राज्य योजना आयोग/राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग/राज्य मानव अधिकार आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग/राज्य सूचना आयोग/राज्य महिला आयोग/राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग/राज्य अनुसूचित जाति आयोग/राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग/राज्य अल्पसंख्यक आयोग/राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग/लोक आयोग/राज्य विद्युत नियामक आयोग, छत्तीसगढ़
11. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली
12. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर
13. अवर सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर
14. नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर
15. संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर
16. संचालक, शासकीय मुद्रणालय, नवा रायपुर अटल नगर
17. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट www.gad.cg.gov.in में अपलोड हेतु।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(आर.पी. त्रिपाठी)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग